**GOVT. OF BIHAR**

# BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

**IAS Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

***Tel. : 0612 - 2225387***
***Tel. : 0612 - 2220230***
***e-mail : bceceboardbihar@gmail.com***

***Ref. No.–*** 1277/2023 ***Dated :*** 06.08.2023

**प्रेषक,** **अनिल कुमार सिन्हा**
**विशेष कार्य पदाधिकारी।**

**सेवा में,**

**सचिव,**
**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,**
**बिहार, पटना ।**

**विषय :** **DCECE(PE)-2023 के आधार पर पॉलिटेकनिक अभियंत्रण महाविद्यालयों में 1st Round Online सीट आवंटन** / Document Verification / **नामांकन के सम्बन्ध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि राज्य के प्राईवेट / राजकीय पॉलिटेकनिक अभियन्त्रण महाविद्यालयों के सीटों पर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु सीट आवंटन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। लिये गये निर्णय के आलोक में **DCECE**-2023 के **P.E. Group** में सम्मिलित अभ्यर्थियों से प्राप्त online Registration एवं Application के आधार पर Merit list तैयार कर NIC, New Delhi / Patna को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दे दिया गया एवं अभ्यर्थियों से प्राथमिकता अनुसार Choice filling करवा कर दिनांक 09.08.2023 को 1st round provisional seat allotment result publication होगा। दिनांक 09.08.2023 से दिनांक 13.08.2023 तक आवंटित अभ्यर्थी द्वारा Download किये गये provisional allotment order में Document Verification / Admission हेतु Reporting / Nodal Centre का नाम एवं तिथि अंकित होगा जिसके अनुसार अभ्यर्थी अपने संबंधित Reporting / Nodal Centre पर निर्धारित तिथि तक जाकर अपना Document Verification करायेंगे । Document Verification की अवधि 10.08.2023 से 13.08.2023 तक निर्धारित है।

Document Verification / नामांकन हेतु User ID / Password & Link पर्षद के email द्वारा अलग से सम्बन्धित संस्थानों के प्राचार्य को उपलब्ध कराया जा रहा है।

अभ्यर्थी के Provisional Allotment Order पर Willingness status (Auto upgradation status) **"No" अंकित रहेगा तब सम्बन्धित प्राचार्य सभी मूल प्रमाण पत्रों के Document Verification करा कर निर्धारित Fee जमा कर अभ्यर्थी का नामांकन लेंगे।**

अभ्यर्थी के Provisional Allotment Order पर Willingness status (Auto upgradation status) **"Yes" अंकित रहेगा तब Document Verification उपरान्त अभ्यर्थी अपना Documents तथा Document Verification Slip वापस ले जायें, जिसे अगले round में आवंटित संस्थान पर प्रस्तुत करेंगे एवं निर्धारित Fee जमा कर document verification करा कर नामांकन लेंगे।**

**सम्बन्धित प्राचार्य अपने-अपने संस्थान में नामांकित अभ्यर्थियों का मूल प्रमाण-पत्र/ अभिलेख reporting centre से ( अन्तिम तिथि तक ) निश्चित रूप से प्राप्त करेंगे।**

सभी 62 Nodal Centre पर Biometric जाँच हेतु एक टीम Biometric Agency द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी, जिसके लिए Nodal Centre की ओर से भी दो प्रतिनिधि को प्रतिनियुक्त किया जाय, जो अभ्यर्थियों के हुए Biometric को सत्यापित करेंगे।

क्र०पृ०उ०

DQ कोटा की सीटों पर दिव्यांग अभ्यर्थियों का सीट आवंटन हुआ है, उनका दिव्यांगता की जाँच सम्बन्धित नोडल सेन्टर पर होगी । इसके लिए सम्बन्धित नोडल सेन्टर के प्रमुख सम्बन्धित जिला पदाधिकारी एवं असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी से दिव्यांगता जाँच टीम प्रतिनियुक्त करने हेतु अनुरोध करेंगे। साथ ही साथ मुख्यालय स्तर से भी सभी जिला पदाधिकारियों को अनुरोध किया जाय।

पूर्ण कार्यक्रम की विवरणी एवं reporting centre की सूची संलग्न करते हुए अनुरोध है कि सभी reporting centre को document verification / नामांकन सम्बन्धी आवश्यक तैयारी कर नामांकन कार्य पूरा करने का निदेश देने की कृपा की जाय ताकि 1st Round का seat allotment निर्धारित समय पर पूरा किया जा सके।

**विश्वासभाजन,**

**अनुलग्नक : यथोक्त ।**

ह०/-

**( अनिल कुमार सिन्हा )**
**विशेष कार्य पदाधिकारी**

**ज्ञापांक - 1277/2023** **दिनांक - 06.08.2023**

**प्रतिलिपि :** निदेशक / उपनिदेशक (तकनीकि), विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना / सभी सम्बन्धित पॉलिटेकनिक संस्थानों के प्राचार्य / नामांकन प्रभारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**विशेष कार्य पदाधिकारी**